## पानीपत पुलिस ने करीब 20 घंटे में सुलझाई अपहरण की गुत्थी

# रि. सब इंस्पेक्टर पिता की वर्दी पहन व्यापारी का किया अपहरण, पुलिस ने 6 को दबोचा

■ व्यापारी ने छिपकर परिजनों को किया फोन, लोकेशन ट्रेस कर आरोपियों तक पहुंची पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

गांव थिराना अड्डे के पास से शुक्रवार रात स्कॉर्पियो सवार बदमाशों ने लकड़ी व्यापारी का अपहरण कर लिया। बदमाश उसे घर से सामने से ही स्कॉर्पियो में उठाकर ले गए। व्यापारी के अपहरण की सूचना मिलते ही पुलिस अलर्ट हो गई। करीब 20 घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस टीमों ने 50 किलोमीटर तक पीछा कर सोनीपत से छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही व्यापारी को भी सकुशल बरामद कर लिया गया। पकड़े गए आरोपियों में से 4 सोनीपत और 2 पानीपत के हैं।

पुलिस के मुताबिक, इस पूरे मामले के मास्टरमाइंड का पिता दिल्ली पुलिस के सब इंस्पेक्टर के पद से रिटायर है। उसी ने पिता की वर्दी पहन कर इस वारदात को अंजाम दिया ताकि लगे कि व्यापारी को पुलिस उठाकर ले गई है। पुलिस रुपये के लेनदेन से भी मामले को जोड़कर जांच कर रही है। गुरुवार देर रात गांव थिराना अड्डे के पास से कुछ बदमाशों ने इसराना निवासी लकड़ी कारोबारी दिलावर को उसके दोस्त के जरिए घर से बाहर बुलाया था। इसके बाद आरोपियों ने उसे जबरन स्कॉर्पियो गाड़ी में डाल लिया और फरार हो गए। परिजनों ने इस बारे में पुलिस को सूचित किया। शनिवार सुबह करीब 10 बजे दिलावर के परिजनों के पास एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। फोन पर दूसरी तरफ से खुद दिलावर ने बात की और कहा कि मैं इस वक्त सोनीपत में हूं। इन लोगों ने रातभर मुझे गाड़ी में डालकर घुमाया और मारपीट की। परिवार ने तुरंत ही कॉल के बारे में पानीपत पुलिस को जानकारी दी। सूचना मिलते ही पानीपत पुलिस ने तुरंत साइबर सेल की मदद और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सोनीपत के संबंधित इलाके की घेराबंदी कर ली। इसके बाद स्कॉर्पियो सवार 6 बदमाशों को धर दबोचा और दिलावर को उनके चंगुल से सुरक्षित छुड़ा लिया।



पानीपत। पुलिस की गिरफ्त में अपहरण के आरोपी।

### सोनीपत में बंधक बनाकर रखा



एएसपी हर्षित गोयल ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सोनीपत के तिहाड़ खुर्द निवासी रोहित, श्याम नगर निवासी मनोज, गांव बरोटा निवासी नीरज, गांव मोई निवासी सूरज और पानीपत के इसराना निवासी अनुज उर्फ छोटू और गांव पलड़ी निवासी जतिन के रूप में हुई है। आरोपी मनोज ने दिल्ली पुलिस के सब इंस्पेक्टर की वर्दी पहन रखी थी। आरोपियों ने अपहृत दिलावर को पूरी रात सोनीपत के श्याम नगर स्थित आरोपी रोहित के कमरे में बंधक बनाकर रखा।




## गुरुग्राम में चार बदमाश एनकाउंटर में ढेर, तीन रोहतक और एक फतेहाबाद का

# कम उम्र के लड़कों को बहका रहे विदेश में बैठे गैंगस्टर 4 में से 2 शूटर पर नहीं था कोई केस, एक नाबालिग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

सुशांत लोक इलाके में गुरुवार रात पुलिस एनकाउंटर में दीपक नांदल गैंग के चार शूटर्स मारे गए। इनमें से तीन रोहतक के गांव भालोट और एक फतेहाबाद के समैन गांव का है। एक आरोपी गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती है। सुशांत लोक ब्लॉक-ए में बदमाशों ने कारोबारी विशाल बेरी को उन्हीं के घर में बंधक बनाया था। पांचों बदमाश ब्लैक स्कॉर्पियो लेकर आए थे और आधुनिक हथियारों से लैस थे। एसजीटी यूनिवर्सिटी के पूर्व संस्थापक के बेटे विशाल उस समय घर पर अकेले थे।

गुरुवार रात करीब साढ़े 11 बजे शूटरों और पुलिस के बीच एनकाउंटर हुआ। दोनों तरफ से 65 राउंड फायरिंग हुई, जिसमें पांच बदमाशों को गोली लगी। इनमें से 4 मौके पर ढेर हो गए, जबकि पांचवें की हालत गंभीर है। एएसआई समेत 3 पुलिसकर्मियों को भी गोली लगी है। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक, मारे गए शूटरों में अंकित, नितिन और आर्यन रोहतक के भालोट और संदीप उर्फ दीपा फतेहाबाद का रहने वाला था। एसीपी क्राइम नवीन शर्मा के मुताबिक, बदमाशों के पास से 5 पिस्टल मिले हैं। इस मामले से साफ है कि किस तरह विदेश में बैठे गैंगस्टर नई उम्र के लड़कों को लालच में फंसाकर अपराध की दुनिया में धकेल रहे हैं। मारे गए चार बदमाशों में से दो पर ही आपराधिक केस दर्ज हैं, जबकि नए भर्ती दो लड़कों पर अभी कोई मामला सामने नहीं आया है। रोहतक निवासी 17 वर्षीय आर्यन के पिता प्रदीप फोगाट ने बताया कि उनका बेटा 12वीं कक्षा का छात्र था और पिछले दो वर्षों से जेवलिन थ्रो की नियमित प्रैक्टिस कर रहा था। उन्होंने कहा कि यदि बेटा बहकावे में आ भी गया था तो उसे आत्मसमर्पण का मौका मिलना चाहिए था। गोली टांग में भी मारी जा सकती थी, सीधे सीने में नहीं।

# पति ने मौसेरे भाई के साथ मिलकर पत्नी की हत्या की

■ मृतका के 10 वर्षीय भाई ने पड़ोसियों के सामने खोला हत्या का राज, आरोपी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

काबड़ी रोड औद्योगिक क्षेत्र के भारत नगर में घरेलू विवाद में पति विपिन ने अपने मौसरे भाई करिंद्र के साथ मिलकर अपनी पत्नी शिल्पी की गला दबाकर हत्या कर दी और फरार हो गए। वहीं, घटना के प्रत्यक्षदर्शी शिल्पी के दस वर्षीय भाई जाकी ने अपने बहन व जीजा और कविंद्र के बीच हुई हाथापाई की जानकारी पड़ोसियों को दी। पड़ोसियों की सूचना पर ओल्ड इंडस्ट्रियल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की।

पुलिस ने जांच के लिए फोरेंसिक टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। इधर, पुलिस के जांच अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि शिल्पी व विपिन मूल रूप से उत्तर प्रदेश के हरदोई के निवासी थी और भारत नगर में किराये के मकान में रह रहे हैं। वहीं, शिल्पी व विपिन के बीच पारिवारिक विवाद चल रहा था, इसके चलते विपिन अपनी पत्नी से अलग रहता था। उन्होंने बताया कि शिल्पी के भाई जाकी ने बताया कि वीरवार की रात को जीजा विपिन आया और उसने अपने भाई करिंद्र को बुलाया, दोनों ने मिलकर उनकी बहन का गला दबाया। उन्होंने बताया कि शिल्पी का शव उसकी चारपाई पर मिला।

# जवाहर नवोदय विद्यालय के हॉस्टल में घुसे सांप ने 11 वीं कक्षा की छात्रा को डसा



बरवाला। गांव पाबड़ा स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्रावास में गुरुवार देर रात लगभग 3 बजे सांप घुस आया। हॉस्टल में सो रही 11वीं कक्षा की एक छात्रा को उस सांप ने डस लिया। घटना के बाद छात्रा को तत्काल उपचार के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, छात्रा की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद विद्यालय प्रशासन और संबंधित अधिकारी मामले की जानकारी जुटाने में लगे हैं। किसान नेता धोला जेवरा ने इस घटना के लिए विद्यालय प्रशासन को जिम्मेवार ठहराया है और कहा कि इस विद्यालय के आसपास क्षेत्र में बड़ी-बड़ी घास व झाड़ियां वगैरह उगी हुई हैं। विद्यालय प्रशासन का स्कूल में सफाई व्यवस्था की ओर कोई ध्यान नहीं है।

## फर्जी परिवहन अधिकारी बन 24 हजार वसूले

पलवल। हरियाणा-उत्तरप्रदेश सीमा पर करमन बॉर्डर पर परिवहन अधिकारी बनकर एक गोशाला संचालक से 24 हजार रुपये की रिश्वत लेने का मामला सामने आया है। दिल्ली निवासी टीआर मित्तल ने बाया कि 23 जून को उनकी गोशाला की एक गाड़ी दिल्ली से वृंदावन में भंडारे का सामान छोड़कर वापस लौट रही थी। पलवल क्षेत्र में कुछ लोगों ने खुद को परिवहन अधिकारी बताकर गाड़ी को रोक लिया और सीज करने की धमकी दी। आरोपियों ने पेटीएम से 24 हजार रुपये रिश्वत ली। पुलिस आरोपियों को तलाश रही है।

## ट्रक की टक्कर से घायल पुलिस जवान की मौत

नूंह। केएमपी एक्सप्रेसवे पर गोवंश से भरे वाहन से जुड़े सड़क हादसे में घायल दूसरे पुलिस जवान की भी उपचार के दौरान मौत हो गई। गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती पुलिस जवान मुकेश ने करीब 24 घंटे तक जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करने के बाद दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार, गो तस्करों से पकड़े गए कैंटर में पंक्चर होने के कारण उसे सड़क किनारे खड़ा किया था। वहां गोवंश की सुरक्षा में तैनात दो पुलिस कर्मचारियों को एक ट्रक ने कुचल दिया था।

# एनएचआरसी ने ईंट-भट्ठों पर बंधुआ मजदूरी के 86 केस की सुनवाई की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने हरियाणा के विभिन्न जिलों में ईंट भट्ठों में कथित बंधुआ मजदूरी के 86 मामलों की ऑनलाइन सुनवाई की। एनएचआरसी अध्यक्ष न्यायमूर्ति वी. रामासुब्रमणियन ने संयुक्त सचिव समीर कुमार, संयुक्त रजिस्ट्रार (कानून) इंद्रजीत कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में सुनवाई की अध्यक्षता की। सुनवाई में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, श्रम आयुक्त विजय कुमार और सभी जिलों के जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) शामिल थे।

न्यायमूर्ति रामासुब्रमणियन ने कहा कि अधिकतर मामलों में संबंधित सरकारी अधिकारियों ने अभिलेखों की ठीक से जांच नहीं की थी। इसलिए, उनके पास श्रमिकों को बंधुआ मजदूर घोषित करने के लिए विश्वसनीय साक्ष्य नहीं थे। उन्होंने यह भी कहा कि शिकायत की जांच के लिए टीम का गठन करते समय श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा 14 मई 2026 को जारी बंधुआ मजदूरों की पहचान और बचाव तथा अपराधियों पर मुकदमा चलाने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया में निर्धारित आवश्यकताओं का पालन किया जाए। उन्होंने बंधुआ मजदूरी की घटनाओं पर नज़र रखने में मदद के लिए एक हेल्पलाइन शुरू करने की जरूरत पर भी बल दिया ताकि श्रमिक जरूरत पड़ने पर सहायता प्राप्त कर सकें।



